तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 21 अप्रैल 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

12 पश्चिम की गर्म हवाओं के प्रभाव से पहली बार तापमान पहुंचा 40 डिग्री से ऊपर






## खबर संक्षेप

### सद्भावना ग्राम तकिया में सालाना उर्स 20 मई से

**अम्बिकापुर।** सद्भावना ग्राम तकिया में हजरत बाबा मुराद शाह और हजरत बाबा मोहब्बत शाह का सालाना उर्स इस पार 20 से 22 मई तक मनाया जाएगा। उर्स के आयोजन हेतु कमेटी द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है। अंजुमन कमेटी के सदर और आयोजन कमेटी के संयोजक इरफान सिद्दीकी ने बताया कि हिन्दू मुस्लिम एकता का प्रतीक सद्भावना ग्राम तकिया में हजरत बाबा मुराद शाह व हजरत बाबा मोहब्बत शाह का सालाना उर्स 20, 21 एवं 22 मई को मनाया जायेगा। उर्स का यह प्रोग्राम सरगुजा संभाग का सबसे बड़ा तीन दिवसीय सार्वजनिक उत्सव होता है इस प्रोग्राम में सभी जाति-धर्मों के एवं सरगुजा संभाग के अलावा अन्य जिलों एवं अन्य प्रदेशों से भी हजारों की संख्या में लोग शरीक होते हैं। इस मौके पर ज़ायरीन बाबा के दरगाह में चादर शिरनी चढ़ा कर अपनी मन्नतें मांगते हैं। उक्त कार्यक्रम में हर वर्ष प्रदेश के मंत्री, विधायक एवं अन्य वीआईपी शामिल होते रहे हैं। इस वर्ष भी प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव, कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम, वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज, छग के वरिष्ठ मंत्री एवं अन्य विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। उर्स के मौके पर 20 मई को जामा मस्जिद से जुलूस का आयोजन किया जाएगा जो मुख्य मार्गों से होते हुए तकिया मजार पहुचेगी व संदल चादर के साथ उर्स का आगाज किया जाएगा। इसके साथ ही 21 व 22 मई को हिन्दुस्तान के जाने-माने कव्वालों के बीच में शानदार कव्वाली का मुकाबला होगा।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुए ग्रामीण की शहर के निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम चौरा निवासी सुखन राम आ. स्व. गेंदा राम (45 वर्ष) 18 अप्रैल की शाम अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक पी लिया जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घर में ही उपचार कराने लेकिन ग्रामीण की हालत और बिगड़ जाने पर परिजन दूसरे दिन सुबह उसे गंभीर हालत में शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक की मानसिक हालत कुछ माह से ठीक नहीं था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### बड़े पैमाने पर कर रहे गड़बड़ी

# महिलाओं के नाम पर संचालित पीडीएस दुकानों पर पुरुषों का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- रोजगार उपलब्ध कराने के साथ ही सशक्त बनाने की थी योजना

महिलाओं के नाम पर आबंटित शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर पुरुष वर्ग का कब्जा हो गया है। दुकान महिला समूहों के नाम पर है लेकिन इसका संचालन पुरुषों द्वारा किया जा रहा है। ऐसे में महिलाओं को सशक्त बनाने की योजना कारगर साबित होती नजर नहीं आ रही है। इसके साथ ही उचित मूल्य दुकानों में चावल, चना व शक्कर में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं की जा रही है और आने वाले समय में यदि गड़बड़ी उजागर होती है तो इसका नजीता समूह की महिलाओं को भुगतना पड़ेगा।

बता दें कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत और समाज में सशक्त बनाने के उद्देश्य से शासकीय उचित मूल्य दुकानों के संचालन का जिम्मा उन्हें देने की योजना बनाई थी। इस योजना के तहत समूह की महिलाओं को राशन दुकान का आबंटन किया जाता है और उन्हें ही इसका नियमित रूप से संचालन करना होता है लेकिन सरगुजा में इन दिनों बड़े पैमाने पर महिलाओं के नाम पर स्वीकृत पीडीएस दुकानों पर पुरुष वर्ग का कब्जा हो गया है और अब स्थायी रूप से पुरुषों द्वारा ही महिलाओं के नाम पर आबंटित उचित मूल्य दुकानों का संचालन किया जा रहा है और महिलाओं के सशक्तिकरण की बात सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह गई है। हैरानी की बात तो यह है कि महिलाओं के नाम पर आबंटित दुकानों पर पुरुषों द्वारा खुलेआम संचालन किया जा रहा है और अधिकारियों को भी इस बात की जानकारी है लेकिन उनकी ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। पुरुषों द्वारा दुकान से बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की बात भी सामने आ रही है। हाल ही में बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर अंतर्गत संचालित एक दुकान का मामला सामने आ चुका है जिसमे महिलाओं के नाम पर आबंटित दुकानों में सहायक विक्रेताओं, सरपंच पति, तौलक द्वारा मिलकर गड़बड़ी की गई और मामले का खुलासा होने के बाद इन मुख्य आरोपियों के साथ ही महिलाओं के नाम पर अपराध दर्ज हो गया। यदि सरगुजा में भी दुकानों की जांच की जाए तो बड़े पैमाने पर गड़बड़ी सामने आएगी और इसका खामियाजा निश्चित रूप से समूह की महिलाओं को भुगतना पड़ेगा।





महिलाओं के नाम आबंटित राशन दुकान।

### 45 फीसदी दुकानें महिलाओं को

बताया जा रहा है कि सरगुजा में कुल 518 शासकीय उचित मूल्य दुकानें संचालित है और इनमें से 45 फीसदी यानी 203 पीडीएस दुकानों का आबंटन महिला समूहों को किया गया है। जबकि 223 पीडीएस दुकानें सहकारी समितियों, 85 पीडीएस दुकानें ग्राम पंचायत, 6 पीडीएस दुकान वन सुरक्षा समिति और 1 दुकान निकाय द्वारा संचालित की जा रही है। अधिकारी भी यह मान रहे है कि महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए उन्हें पीडीएस दुकानों के संचालन हेतु आबंटन दिया गया था। दुकानों का संचालन स्थायी तौर पर पुरुषों द्वारा किया जा रहा है लेकिन कितनी दुकानों पर पुरुषों का कब्जा है यह जांच के बाद पता चल सकेगा।

### की जाएगी जांच

महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ ही उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से पीडीएस दुकानों का आबंटन किया गया है। इस बात की जानकारी मिली है कि पुरुषों द्वारा महिलाओं के नाम पर स्वीकृत दुकानों का संचालन किया जा रहा है। इस मामले में जांच कर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

-चित्रकांत ध्रुव
जिला खाद्य अधिकारी

# धूमधाम से मना प्रभु ईशा की मृत्यु पर विजय का पर्व ईस्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- महागिरजाघर में हुई विशेष प्रार्थना सभा, घंटियां बजते ही मसीही समाज ने मनाई खुशियां, जमकर हुई आतिशबाजी

प्रभु ईशा के मृत्यु पर विजय का पर्व ईस्टर जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ईस्टर के अवसर पर महागिरजाघर में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान बिशप द्वारा विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। रात 12 बजे चर्च की घंटिया बजते ही समाज के लोगों ने खुशियां मनाई और जमकर आतिशबाजी की गई। प्रभु ईशा के मृत्यु पर विजय के पर्व ईस्टर की पूर्व संध्या पर मसीही समाज को सम्बोधित करते हुए सरगुजा धर्मप्रांत के धर्माध्यक्ष बिशप अंतोनिस बड़ा ने कहा कि अंधकार में भटक रहे लोगों को क्या मालूम की ईस्टर का अर्थ आशा होता है लेकिन दुनिया आज युद्ध के आगोश में सिसक रही है। गरीब पड़ोसी देश को कुचलकर लूटकर धनी देश और धनवान हो जाने की होड़ में लगे हुए हैं हमारे देश मे भी न्याय, दया, क्षमा जैसे सद्गुण हमसे दूर होते चले जा रहे हैं विश्वास व मानवीय मूल्य आखरी सांस ले रहे हैं।

बता दें कि मसीही समाज द्वारा ईस्टर को लेकर लम्बे समय से तैयारियां की जा रही थी। पुण्य गुरुवार व गुड फ्राइडे के धार्मिक अनुष्ठान के बाद ईस्टर को लेकर समाज के लोग शनिवार की देर शाम से ही नवापारा स्थित महा गिरजाघर में पहुंचने शुरू हो गए थे। रात 10 बजे बेदाग इश्माता महा गिरजाघर में विशेष प्रार्थना सभा की शुरुआत हुई और यह कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। पूण्य शनिवार की रात 10 बजे पास्का मोमबत्ती के आशीष के बाद समुदाय द्वारा घरों लाई हुई मोमबत्तियां को पास्का मोमबत्ती से प्रज्ज्वलित कर समस्त धर्म विधियां प्रारंभ हुई। समस्त धार्मिक अनुषठान बिशप अंतोनिस बड़ा की अगुवाई में व्हिकर जनरल फादर विलियम उर्रे पल्ली पुरोहित फादर जार्ज ग्रे कुजूर ने संयुक्त रूप से सम्पन्न कराई। इस दौरान पवित्र बाइबिल से आठ पाठों का वाचन फ्रांसिस केरकेट्टा, शिलानंद खाखा, मनोज एक्का, सिस्टर अंजेला टोप्पो, सिकंदर तिग्गा, अलका लकड़ा, प्रदीप तिग्गा, सिस्टर आशा खलखो आदि लोगों द्वारा किया गया। रात 10 बजे से प्रारंभ होकर देर रात तक चले इस पूरे कार्यक्रम के दौरान बीच बीच में फादर अनुरंजन तिग्गा, फादर जोन जैसवाल व फादर मुक्ति के नेतृत्व में युवा संघ, महिला संघ व काथलिक सभा की टीम ने भक्ति गीतों से चर्च परिसर गुंजायमान होता रहा। दुखभोग काल के पुण्य सप्ताह में प्रभु येसु को समर्पित भक्ति गीतों की प्रस्तुति को भक्तों ने खूब सराहा। आशीष जल के छिड़काव एवं परम प्रसाद वितरण के साथ ही समस्त धार्मिक अनुष्ठठान सम्पन्न हुए। दूरस्थ अंचलों में बसे लोगों व घर बैठे बुजुर्गों के लिए इस पूरे कार्यक्रम का यूट्यूब पर लाइव प्रसारण की सुविधा भी जेरिन जोसेफ के द्वारा उपलब्ध कराई गई थी। 12 बजते ही चर्च की घंटियां बजना शुरू होते ही चर्च के बाजू में ही काथलिक युवा मंच के युवाओं ने जमकर आतिशबाजी कर अपनी खुशियों के संदेश को दिया।

इस अवसर इस अवसर पर पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की, विधायक लुंड्रा प्रबोध मिंज, अरुण मिंज, जगजीत मिंज, बोनिफास दादा, भानु खलखो, बिपिन लकड़ा, फादर माइकल, फादर जकी, फादर कल्यानुस, फादर ज्ञान, युवा संघ, महिला संघ के पदाधिकारी, सहित शहर में समुदाय द्वारा संचालित संस्थानों के प्रमुख फादर सिस्टर्स व हजारों की संख्या में मसीहिजन उपस्थित थे।



प्रार्थना करते पुरोहित।


### शहर के 5 केन्द्रों में ली गई परीक्षा, 820 रहे अनुपस्थित

# प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए 2001 ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रविवार को प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया गया। जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित हुई परीक्षा को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु 2001 अभ्यर्थी शामिल हुए जबकि 820 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

बता दें कि मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश हेतु रविवार को जिला मुख्यालय में परीक्षा का आयोजन किया गया। प्रवेश हेतु प्रयास आवासीय विद्यालय द्वारा शहर के 5 केन्द्रों में परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा हेतु शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय घंघरी के साथ ही होली क्रॉस कॉन्वेंट स्कूल, कार्मेल स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल, पॉलिटेक्निक कॉलेज का निर्धारण किया गया था। परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों को सुबह 9 बजे परीक्षा केंद्र में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे। सुबह 9.30 बजे से ओएमआर शीट भराई की प्रक्रिया शुरू की गई। इस दौरान परीक्षार्थियों को मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड या विद्यालय द्वारा जारी फोटोयुक्त पहचान पत्र के साथ ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। इसके बाद सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक परीक्षा आयोजित की गई। प्राचार्य ओपी साहू ने बताया कि परीक्षा में सरगुजा जिले में कुल 2 हजार 8 सौ 21 अभ्यर्थी पंजीकृत थे और रविवार को परीक्षा में 2001 बच्चे उपस्थित हुए जबकि 820 बच्चे अनुपस्थित रहे। सभी केन्द्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई और परीक्षा को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। गौरतलब है कि प्रयास आवासीय विद्यालय छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय हैं, जो विशेष रूप से आदिवासी और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के प्रतिभावान छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए तैयार करने पर केंद्रित हैं। इन विद्यालयों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक पढ़ाई होती है और छात्रों को निःशुल्क राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल और इंजीनियरिंग परीक्षाओं के लिए भी तैयारी कराई जाती है। इन विद्यालयों में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है।



### बलरामपुर में 8 केन्द्रों में हुई परीक्षा

मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा रविवार को बलरामपुर जिले के 8 परीक्षा केंद्रों में आयोजित किया गया। अपर कलेक्टर आरएस लाल व सहायक आयुक्त सुश्री समीक्षा जायसवाल ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। बलरामपुर जिले में कुल 1659 विद्यार्थियों ने प्रवेश परीक्षा में भाग लेने के लिए पंजीयन किया था। इनमें से कुल 1298 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित हुए और कुल 361 विद्यार्थी अनुपस्थित थे। सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

# लोनिवि कार्यालय के विद्युत पैनल में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- धमाके के साथ निकली चिंगारी, मचा हडकंप

रविवार को लोक निर्माण विभाग के कार्यालय में आग लगने की घटना से हडकंप मच गया। आग कार्यालय के विद्युत पैनल में लगी थी। आग लगने की मुख्य वजह शोर्ट सर्किट बताई जा रही है। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल की टीम द्वारा समय रहते आग पर काबू पाया गया।

बताया जा रहा है कि लोक निर्माण विभाग के कार्यालय में शाम लगभग 5.45 बजे अचानक ही विद्युत पैनल में शोर्ट सर्किट के कारण आग लग गई और आग लगने के बाद तेज धमाके के साथ चिंगारी निकलने लगी। जिस समय यह घटना हुई उस दौरान कार्यालय में लोनिवि के ईई और डिविजनल एकाउंट ऑफिसर सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे। आग लगने के बाद कार्यालय में धुआं भरने लगा और हडकंप मच गया। आग लगने के बाद बाद कर्मचारियों द्वारा दमकल विभाग को घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद दमकल वाहन क्रमांक सीजी 15 ए 9788 से दमकल की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि यह लोनिवि कार्यालय में आग लगने की दूसरी घटना है। इसके पूर्व भी कार्यालय के विद्युत पैनल में शोर्ट सर्किट हो चुका है लेकिन उस वक्त ज्यादा नुकसान नहीं हुआ था लेकिन इसके बाद भी अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। गनीमत रही कि रविवार को कार्यालय में कर्मचारी कम थे और भीड़ भाड़ नहीं थी अन्यथा एक बड़ी घटना हो सकती थी। आग बुझाने के दौरान फायर स्टेशन प्रभारी अंजनी तिवारी, फायर चालक वाहन रविन्द्र यादव, फायरमैन गौरव पाठक, गुलशन तिवारी, सैनिक आकाश कुमार रजक सक्रिय रहे।





## खबर संक्षेप

### बिलासपुर मुख्यालय में सतीश देंगे अब सेवाएं

**बैकुण्ठपुर।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के बैकुंठपुर क्षेत्र में स्टाफ ऑफिसर (माइनिंग) पद पर कार्यरत वरिष्ठ अधिकारी सतीश कुमार गुप्ता का स्थानांतरण बिलासपुर स्थित कंपनी मुख्यालय कर दिया गया है। वे अब वहां कॉन्ट्रैक्ट मैनेजमेंट सेल में अपनी सेवाएं देंगे। श्री गुप्ता जून 2015 में चिरमिरी क्षेत्र से स्थानांतरित होकर बैकुंठपुर क्षेत्र में योगदान दिए थे, चरचा उपक्षेत्र में उन्होंने स्ट्राटा मॉनिटरिंग और वोकेशनल ट्रेनिंग ऑफिसर के रूप में नवंबर 2019 तक कार्य किए, इसके बाद वे क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी, नोडल ऑफिसर (लैंड, रेवेन्यू एवं फॉरेस्ट) तथा स्टाफ ऑफिसर (माइनिंग) जैसे महत्वपूर्ण पदों पर आसीन रहे। 19 अप्रैल को बैकुंठपुर कार्यालय से श्री गुप्ता विधिवत कार्यमुक्त होकर बिलासपुर के लिए प्रस्थान किए।

### पीएमश्री चरचा में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**बैकुण्ठपुर।** पीएम श्री योजना के अंतर्गत प्रवेश 15 अप्रैल से प्रारंभ कर दी गई है। जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता के निर्देशानुसार ऑनलाइन ऑफलाइन आवेदन लिया जा रहा है एवं कक्षा पहली के लिए 31 में 2025 की स्थिति में 5 वर्ष 6 महीना से 6 वर्ष 6 माह तक होनी चाहिए। 50 सीटों के विरुद्ध अत्यधिक आने की स्थिति में लॉटरी सिस्टम से प्रक्रिया किया जाएगा एवं कुल सीटों पर 50 प्रतिशत के स्थान पर बालिकाओं के लिए 25 प्रतिशत गरीबी रेखा के श्रेणी आवेदक के लिए आरक्षित होगा एवं महतारी दुलार योजना के अंतर्गत कोरोना महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों का विशेष प्राथमिकता से प्रवेश दिया जाएगा।

### अब 22 को होगी गृह विज्ञान विषय की परीक्षा

**बलरामपुर।** छग राज्य ओपन स्कूल की हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा 26 मार्च से 21 अप्रैल तक संचालित हो रही है। 21 अप्रैल को हाई स्कूल की गृह विज्ञान की परीक्षा होनी थी जिसे अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया गया है। उक्त परीक्षा अब 22 अप्रैल को जिले के 7 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित होगी। 22 अप्रैल को आयोजित होने वाले परीक्षा के सफल संचालन एवं व्यवस्था हेतु कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के द्वारा डीईओ डीएन मिश्रा को नोडल तथा सहायक संचालक शिक्षा विभाग श्रीमती आशा रानी टोप्पो को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

**लोग परेशान: लाखों रुपए खर्च कर जगह-जगह खोले गए थे कोरिया नीर**

# भीषण गर्मी में वाटर एटीएम बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में लाखों रूपए खर्च कर कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित जिले के कई जगहों पर कोरिया नीर वाटर एटीएम स्थापित किया गया। इनमें से कई वाटर एटीएम बंद पड़े हैं, जिन्हें सुधार कर फिर से शुरू करने की कोई कवायद संबंधित विभाग द्वारा नहीं किया जा रहा है।

अभी जब गर्मी में जल की बूंद-बूंद के लिए कई क्षेत्रों के लोग तरस रहे हैं, ऐसे समय में भी जिले के विभिन्न जगहों पर स्थित वाटर एटीएम को चालू करने की दिशा में पहल नहीं की जा रही है। एक ओर प्रशासन द्वारा आवा पानी झोंकी अभियान चला रखा है,वहीं दूसरी ओर लाखों खर्च कर विभिन्न जगहों पर स्थापित कोरिया नीर वाटर एटीएम की सुविधा प्राप्त करने के लिए लोग तरस रहे हैं। हालत यह है कि जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में कुछ जगहों के कोरिया नीर वाटर एटीएम बंद पड़े हैं। प्रतीक्षा बस स्टैंड के समीप मुख्य मार्ग किनारे स्थित वाटर एटीएम महीनों से बंद पड़ा है, इसे चालू करने की दिशा में संबंधित विभाग के जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं।



बंद कोरिया नीर।

### जिम्मेदारों के पास ही दम तोड़ रहा

कोरिया नीर वाटर एटीएम के संचालन में कितनी गंभीरता से ध्यान दिया जा रहा है यह कहने की बात नहीं बल्कि जिला मुख्यालय सहित जिले के कई जगहों पर स्थित कोरिया नीर वाटर एटीएम की हाल देखकर समझा जा सकता है। हालत यह है कि कलेक्टर कार्यालय से महज 100 मीटर की दूरी पर मुख्य मार्ग पर स्थित वाटर एटीएम का शटर बीते कई महीनों से गिरा हुआ है। जब पंचायत के जिम्मेदारों के निकट के बंद पडे कोरिया नीर को शुरू करने की दिशा में ध्यान नहीं दिया जा रहा है, तब अन्य जगहों की तो बात ही कुछ और है।

# तपिश वाली गर्मी का होने लगा एहसास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- दोपहर में सड़क हो जाती है सुनसान

अप्रैल के दूसरे पखवाड़ा पहुंचते ही तापमान का पारा भी चढ़ने लगा है और अब दिन के साथ-साथ रात के तापमान में भी बढ़ोतरी होने की संभावना जताई जा रही है। शनिवार को दोपहर तक धूप खिली रही, लेकिन अपरान्ह के समय आसमान में बादल छाए और जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित कुछ जगहों पर हल्की बौछारे पड़ी, इसके बाद धूप खिल गया।

इस दिन पारा 40 डिग्री पहुंच गया, इसके दूसरे दिन रविवार को तापमान का पारा 40 पार हो गया और इस दिन तापमान का पारा 42 पहुंच गया, जबकि अप्रैल का महीना बीतने में अभी एक सप्ताह से अधिक का समय है। जिस तरह से अप्रैल के दूसरे पखवाडेÞ में ही तापमान 40 पार होकर 42 पहुंच गई, ऐसे में आने वाले समय में तापमान का पारा जल्द ही 45 पहुंचते देर नहीं लगेगी। इस वर्ष लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है।

बढ़ती गर्मी के कारण लोगों को धूप से बचने की जरूरत है, अन्यथा सेहत पर इसका विपरीत असर पड़ सकता है। दोपहर के समय तेज धूप से शरीर चुभने लगता है, वहीं दोपहर के समय गर्म हवाएं भी चलनी शुरू हो गई। गर्मी को देखते हुए हर किसी को धूप से बचने की जरूरत है। तेज धूप का असर है कि दोपहर के समय शहर की सड़कों पर आवाजाही कम हो जाती है, जरूरी काम पड़ने पर ही लोग घर के बाहर सुरक्षा उपाय के साथ निकल रहे हैं, अन्यथा ज्यादातर लोग दोपहर के धूप के दौरान घर पर ही रहना पसंद करते हैं और यह जरूरी भी हैं।

सूनी सड़क



# भाजपाइयों ने किया पुतला दहन

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी नागपुर मंडल द्वारा नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी और राहुल गांधी जैसे आरोपियों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की जा रही कार्रवाई के समर्थन में एवं हिन्दुओं के नरसंहार और पश्चिम बंगाल की लचर कानून व्यवस्था के विरोध में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया गया।

इस विरोध प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति, भ्रष्टाचार और ममता बनर्जी के नेतृत्व में हो रहे हिंदू समाज पर अत्याचारों के खिलाफ आक्रोश प्रकट किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व संसदीय सचिव श्रीमती चंपादेवी पावले, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जमुना पांडे, जिला पंचायत सदस्य ताराबहरा उजीत नारायण सिंह, मंडल अध्यक्ष मुनीम सिंह, जनपद सदस्य सरभोका रमाशंकर सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष धनेश यादव, श्याम बिहारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष केल्हारी परमानंद यादव, जिला कार्यसमिति सदस्य संजय राय, पूर्व जनपद अध्यक्ष कन्याकुमारी, मंडल महामंत्री अमित राय, सरपंच मालती सिंह, ललन सिंह, मंडल मंत्री मनोज शुक्ला, दिनेश यादव सहित मंडल के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# वक्फ कानून के विरोध में जनआक्रोश रैली, फूंका ममता का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून के विरोध के दौरान हिंदू समाज पर हो रही हिंसा के विरोध में रविवार को चरचा कॉलरी के सुभाष नगर से हिंदू धर्म जागरण समिति के नेतृत्व में जन आक्रोश रैली निकाली गई।

बाइक रैली मुख्य मार्गों से होती हुई राजीव गांधी चौक पहुंची, जहां आमसभा आयोजित कर पश्चिम बंगाल सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की गई और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि मुर्शिदाबाद से शुरू हुई हिंसा में अब तक सैकड़ों हिंदू परिवार प्रभावित हो चुके हैं। 200 से अधिक मकान और दुकानें जलाए गए हैं, कई लोगों की हत्या व महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं सामने आई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार दंगाइयों के सामने बेबस है। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि बंगाल में तत्काल राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए, दंगाइयों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो और घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें देश से निकाला जाए। साथ ही बंगाल-बांग्लादेश सीमा पर तारबंदी कार्य शीघ्र शुरू करने की भी मांग की गई। सभा में काफी संख्या में नागरिक शामिल हुए और राष्ट्र की एकता व अखंडता बनाए रखने के लिए केन्द्र सरकार से त्वरित हस्तक्षेप की अपील की गई।


निकली बाइक रैली

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी उप तहसील बरियों जिला बलरामपुर रा.गंज छ.ग.**

रा.मा.क्र.-/ब-121/2024-25
ग्राम- प.ह.नं.-23 उप तहसील बरियों

**-:: ईश्तहार ::-**

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम सिधमा प.ह.नं.-23 उप तहसील बरियों जिला बलरामपुर रा.गंज को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. /ब-121/2024-25 आवेदक/आवेदिका पालन राम आ. सर्वेश्वरराम उम्र... जाति कंवर निवासी ग्राम सिधमा उप तहसील बरियों जिला बलरामपुर रामानुजगंज छ.ग. के द्वारा स्वयं के पुत्री रितिमा जन्म दिनांक-24/04/2007 को ग्राम सिधमा घर में हुई है। किन्तु जन्म मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानता वश कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र एवं अनुलब्धता प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया है। जो न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र में उज्जर आपत्ति या दावा हो या हितबद्ध पक्षकार हो तो वह स्वयं अथवा वैध अभिकर्ता अथवा अभिभाषक के दिनांक-30/04/2025 को न्यायालयीन समय में दावा या आपत्ति हो तो पेश कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक-15/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर से जारी किया गया।

**कार्यपालिका दंण्डाधिकारी**
**बरियों**
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी उप तहसील बरियों जिला बलरामपुर रा.गंज छ.ग.**

रा.मा.क्र.-/ब-121/2024-25
ग्राम- प.ह.नं.-23 उप तहसील बरियों

**-:: ईश्तहार ::-**

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम सिधमा प.ह.नं.-23 उप तहसील बरियों जिला बलरामपुर रा.गंज को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. /ब-121/2024-25 आवेदक/आवेदिका मलचन्द पैकरा आ. तिलसाय पैकरा उम्र... जाति कंवर निवासी ग्राम सिधमा उप तहसील बरियों जिला बलरामपुर रामानुजगंज छ.ग. के गायत्री जन्म दिनांक-08/02/2010 को ग्राम सिधमा घर में हुई है। किन्तु जन्म मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानता वश कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र एवं अनुलब्धता प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया है। जो न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र में उज्जर आपत्ति या दावा हो या हितबद्ध पक्षकार हो तो वह स्वयं अथवा वैध अभिकर्ता अथवा अभिभाषक के दिनांक-30/04/2025 को न्यायालयीन समय में दावा या आपत्ति हो तो पेश कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक-15/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर से जारी किया गया।

**कार्यपालिका दंण्डाधिकारी**
**बरियों**
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

# डीएवी पब्लिक स्कूल में हंसराज जयंती मनाई गई

**वेस्ट चिरमिरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल चिरमिरी के सभागार में 19 अप्रैल को हंसराज जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का प्रारंभ प्राचार्य एसके पांडे एवं हंसराज सदन के सभी शिक्षकों द्वारा हंसराज जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण करने के साथ हुआ।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा हंसराज जी के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य एसके पांडे ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें हंसराज जी के जीवन एवं आदर्शों को आत्मसात करना चाहिए और उनकी प्रेरणा से अपने जीवन को ऐसा बनाना चाहिए जो प्रदेश समाज एवं राष्ट के विकास में अपना योगदान दे सकें। तत्पश्चात विद्यालय की हिंदी शिक्षिका श्रीमती मल्लिका रूद्र ने कहा कि हम उस पुण्य आत्मा के प्रति सदैव आभारी रहेंगे, जिन्होंने शिक्षा का एक छोटा सा बीज बोया था, जो आज विशाल बरगद के रूप में है, जिसके तले पूरा विश्व समृद्ध हो रहा है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने किया।



# अवैध शराब की बिक्री, दो गिरफ्तार

**बैकुण्ठपुर।** जिले में लगातार चलाए जा रहे नशा विरोधी अभियान के तहत खड़गवां थाना पुलिस को अवैध शराब के विरूद्ध दो अलग-अलग मामलों में बड़ी सफलता मिली है। पहली कार्रवाई में 19 अप्रैल को मुखबीर की सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर ठग्गांव सिटीपाथर घुरघेला नाला के पास एक स्कूटी सवार को रोका।



पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम दिलीप गुप्ता निवासी टिकरापारा बड़ी बाजार चिरमिरी बताया। उसके पास से महुआ शराब 22.5 लीटर (कीमत 3,375) एवं एक इस्तेमाली जुपीटर स्कूटी (मूल्य 50,000) सहित कुल 53,375 का माल जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34 (2) के तहत अपराध क्रमांक 85/25 दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। दूसरी कार्रवाई में मुखबीर सूचना पर ग्राम पैनारी जडहरियापारा निवासी उमेश यादव के घर में दबाकर रखी गई 26 पाव गोवा अंग्रेजी शराब (कुल 4.680 लीटर, कीमत 3,900) बरामद की गई। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 84/25, धारा 34 (1)(क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। यह प्रकरण जमानतीय होने के कारण आरोपी को मुचलके पर रिहा कर दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक विजय सिंह के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक नईम खान, प्रधान आरक्षक हरिश शर्मा, आरक्षक अखिलेश जायसवाल, महिला आरक्षक चंद्रलेखा सिंह एवं सैनिक प्रमोद साहू का सराहनीय योगदान रहा।

TOP IN SURGUJA

डॉ हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
जनरल मेडिसिन एवं एंडोक्रिनोलॉजिस्ट (मधुमेह, थायराइड एवं हार्मोन स्पेशलिस्ट)
SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर स्कूल के सामने, अम्बिकापुर
+919617605000, +917049985558
24x7 इमरजेंसी सेवा भर्ती, एवं आई.सी.यु. ऑपरेशन
शुगर, थायरॉइड, ब्लडप्रेशर, मोटापा, स्ट्रोक (लकवा), एनेमिया (खून की कमी), अस्थमा, COPD (साँस लेने में तकलीफ), टाइफाइड, निमोनिया (फेफड़ों में इन्फेक्शन), मलेरिया
अर्थराइटिस (जोड़ों में दर्द), कमर दर्द, UIT (पेशाब में जलन), पैरों में जलन या सूजन, अनियमित महावरी, बालों का झड़ना, शरीर में ज्यादा बालों का होना, माइग्रेन (सर में दर्द), गैस्ट्राइटिस (पेट में दर्द या जलन होना)

आपके शहर अम्बिकापुर में सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रज्ञा ओझा
गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALTY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
स्त्री रोग से संबंधित सभी समस्याएं व उपचार
गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
प्रसूति (नार्मल वाम सिजेरियन) बांझपन का जाँच एवं ऑपरेशन
बच्चेदानी निकालने का ऑपरेशन (चीरा रहित एवं दूरबीन पद्धति द्वारा)
मोनोपॉज (रजोनिवृत्ति संबंधित बीमारियों का इलाज)
मासिक संबंधित बीमारियों का इलाज
स्तन की गांठ, कैंसर का ऑपरेशन
बच्चेदानी के कैंसर का ईलाज

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

सरगुजा मार्केट

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर) माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
छ.ग. के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित जैन MS, MCH (Neurosurgery) Brain and Spine Surgeon
छग के सुप्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ. गौरी शंकर सिंह MD, (Psychiatry) BHU MBBS (AFMC)
रायपुर के वरिष्ठ बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन MBBS, MS MCH (Mumbai) Neonatal & Pediatric Surgeon
रायपुर के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. सिद्धार्थ कुमार MBBS, MD (Ortho) DNB (Ortho)
रायपुर के सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. करण सराफ M.D. (MEDICINE), DM (Nephrology)
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र 1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites
डॉक्टर्स हाऊस @ सरगुजा
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
20 अप्रैल 2025 प्रत्येक माह के तीसरे रविवार
छ.ग. के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ. सुशांत MBBS, MD (General Medicine) DNB Neurology
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध

सिटी हॉस्पिटल
पॉलिटेक्नीक कॉलेज के पास, धन्जल कॉम्प्लेक्स, रिंग रोड, अम्बिकापुर
Dr. B.MINJ Reg. No. MP-5597
Director of Vishesh Spine & Pain Management Bhopal
MBBS, MD, FIPM (Fellowship in Pain Management)
Interventional Pain Physician Trained in Advance Pain management Procedure from Balaji Action Hospital Delhi, Daradia Pain Management Centre Kolkata
98277 31775, 8269905199
बिना ऑपरेशन के पीठ दर्द, कमर दर्द, सियाटिका, गर्दन दर्द एवं अन्य दर्द का इलाज वर्तमान में प्रचलित पद्धति एवं आधुनिक मशीनों द्वारा इलाज
गर्दन दर्द, कन्धे का दर्द, कमर दर्द, स्लिप डिस्क एवं साइटिका, ट्रायजेमिनल- न्यूरलाजिया, पसलियों का दर्द एवं मांसपेशियों का दर्द/कैंसर संबंधी दर्द (Chronic Pain), किसी भी प्रकार का तीन महीने से पुराना दर्द जो कि दवाईयों या फिजियोथेरेपी से ठीक नहीं हो पाता है उसका इलाज पैन मैनेजमेंट पद्धति द्वारा किया जाता है।
Endoscopic Discectomy / Disc FX Procedure- सुईनुमा उपकरण/दूरबीन द्वारा स्लिप डिस्क को निकालना
Ozone Therapy- स्लिप डिस्क/साईटिका का ओजोन द्वारा इलाज
PRP (Platelet Rich Plasma) Therapy (Regeneration Therapy)- जोड़ों का दर्द, टेनिस एल्बो, एड़ी का दर्द Planter Fascitis एवं अन्य प्रकार के Tendinopathies
Radiofrequency Ablation (RFA)- दर्द की नसों को पहचान कर उसका इलाज
म.प्र. के प्रसिद्ध पेन फिजिशियन एवं स्पाईन विशेषज्ञ डॉ. बी. मिंज अब सिटी हॉस्पीटल अम्बिकापुर में प्रत्येक माह के द्वितीय रविवार (अगले माह 13 अप्रैल 2025) को उपलब्ध रहेंगे
समय : सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक
8770826055, 7987664630

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
दिनांक 23 अप्रैल 2025 दिन - बुधवार
-आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
-दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
-किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
-पेशाब रास्ते का सिकुड़न
-किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

AFFILIATED TO CBSE BOARD NEW DELHI
UNIQUE CONVENT HIGHER SECONDARY SCHOOL
Nursery to K.G & Class 1st to 12th
Commerce, Maths Bio & Agriculture
English Medium Co-Eduction
ADMISSION OPEN CBSE BOARD
BOARDING / HOSTEL AVAILABLE FOR BOYS & GIRLS (BEST RESIDENCE IN SURGUJA)
विशेषताएं (Ecatures)
-बच्चों के संपूर्ण विकास एवं उज्जवल भविष्य के लिए सदैव तत्पर
-AT.L. LAB की सुविधा
-कम्प्यूटर कोडिंग क्लास (1st -10th)
-प्रयोगशाला
-पुस्तकालय की समुचित व्यवस्था
Contact Us
Chandani Chowk, Khairbar Road Ambikapur (C.G.), Mo. 8223020720, 6263495007

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
27 अप्रैल 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ. ए.एफ. दानिश
बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (जनरल सर्जरी)- कोलकाता, एम.सी.एच. (प्लास्टिक सर्जरी), नई दिल्ली
पूर्व असिस्टेंट ऑफिसर, वी.एम.एम.सी व सफदरगंज अस्पताल, नई दिल्ली
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी विशेषज्ञ
रविवार, 27 अप्रैल 2025
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
: प्लास्टिक सर्जरी :
• सभी प्रकार के दाग का ईलाज (Scar Treatment)
• पुरूषों के बढ़े हुए स्तन (Gynaecomastia)
• झड़ते हुए बालों के लिए (PRP, Therapy/GFC Therapy)
• Liposcution (शरीर के बढ़ी चर्बी को मशीन से निकालना)
• जलने के बाद हाथ, पैर, चेहरे की सिकुड़न का ईलाज
• लम्बे समय तक ना ठीक होने वाले घाव का ईलाज
• Keloid का ईलाज, डायलिसिस के लिए फिस्चुलना
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

प्रकाश हॉस्पिटल
सर्जिकल विभाग
विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा दूरबीन विधि LAPAROSCOPY (लेप्रोस्कोपिक पद्धति) द्वारा ईलाज
लेप्रोस्कोपिक सर्जन
• गॉल ब्लैडर (पित की थैली)
• अपेंडिक्स • हार्निया
• पेट में गठान • पेट में गोला इत्यादि
प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड के द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर
9713667433, 9617247433

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतो की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

20 Ambikapur-pg 3-0_Layout 1 4/20/2025 9:06 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### आईजी ने किया थाना गांधीनगर का आकस्मिक निरीक्षण

**अंबिकापुर।** शनिवार की देर शाम आईजी अंकित गर्ग ने गांधीनगर थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाणे में जब्त लावारिस वाहनों व सामानों को लेकर अग्रिम कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। बता दें कि शनिवार की देर शाम आईजी अंकित गर्ग गांधीनगर थाना के निरीक्षण पर पहुंचे थे। इस दौरान आईजी श्री गर्ग ने थाने में संधारित विभिन्न पंजियों तैनाती रजिस्टर, जरायम पंजी, दैनिक डायरी, मर्ग डायरी, निगरानी गुंडा बदमाशों का सूची, मालखाना, शस्त्रागार के साथ-साथ सीसीटीएनएस कक्ष का विधिवत अवलोकन किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान थाना परिसर में जब्त लावारिस वाहनों-/सामानों का अग्रिम कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आईजी ने थाने के कार्यों को बारीकी से अवलोकन कर, थाना परिसर में मरम्मत कराने व संसाधनों के संबंध में पुलिस अधीक्षक से चर्चा की। उन्होंने कहा कि किसी भी गंभीर प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए निकाल हेतु थाना प्रभारी सहित सभी विवेचकों को विशेष ध्यान दें और लंबित प्रकरणों का यथाशीघ्र निकाल करें। इस दौरान एसपी योगेश पटेल, एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लों सहित अन्य मौजूद थे।

### भाजपा ने अजा वर्ग के वरिष्ठजनों को किया सम्मानित



**सीतापुर।** भाजपा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में संचालित समरसता कार्यक्रम के तहत भाजपा द्वारा अजा वर्ग के वरिष्ठजनों को सम्मानित किया गया। जनपद उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी अनिल अग्रवाल ने शाल श्रीफल भेंट कर इन्हें सम्मानित किया। भाजपा द्वारा मंडल राजापुर के ग्राम गुतुरमा में समरसता कार्यक्रम के तहत डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पखवाड़ा मनाया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा द्वारा अनुसूचित जाति समाज के वरिष्ठ जन को जनपद उपाध्यक्ष व कार्यक्रम प्रभारी अनिल अग्रवाल ने सम्मानित किया। इसके अलावा नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष राजापुर भगत सिंह पैंकरा, मंडल महामंत्री रंजीत गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो आरडी चौहान, विजय यादव द्वारा भी अजा वर्ग के वरिष्ठ सदस्यों को शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने बाबा भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान निर्माण में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर बृजेश गुप्ता, रूपेश गुप्ता, ईश्वर गुप्ता समेत जनपद सदस्य सरपंच पंच एवं अजा वर्ग के बुजुर्ग महिला युवा सदस्य उपस्थित थे।

### आवास यान को जनपद अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**सीतापुर।** गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रचार प्रसार हेतु आवास यान को जनपद अध्यक्ष स्नेहलता अनुज एक्का ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह आवास यान गांव में भ्रमण करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक करेगा। गौरतलब है कि मोर दुआर साय सरकार महाअभियान पखवाड़ा चलाया जा रहा है जिसके तहत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सर्वे एवं प्रचार प्रसार किया जा रहा है। गांवों में जाकर इस महाअभियान का अच्छे से प्रचार प्रसार हो सके इसके लिए शासन द्वारा आवास यान की व्यवस्था की गई है। जनपद अध्यक्ष स्नेहलता अनुज एक्का द्वारा गांवों में प्रचार प्रसार हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह आवास यान 42 ग्राम पंचायत में भ्रमण करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सर्वे एवं प्रचार प्रसार करेगी। वहीं आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए मोर दुआर साय सरकार महाअभियान के तहत जनपद अध्यक्ष स्नेहलता अनुज एक्का सर्वे कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम भवराडांड पहुंची। उन्होंने आवास प्लस 2.0 मोबाइल एप के माध्यम से शांति बाई को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ दिलाने सर्वे किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में सरकार आम जनता के सपनों को साकार करने प्रतिबद्ध है। इस सर्वे अभियान के माध्यम से उन सभी हितग्राहियों को पक्का मकान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। जो प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभ से वंचित रह गए थे। इस अवसर पर जनपद सदस्य जन्मजेय प्रभाकर सीईओ एस के मरकाम समेत जनपद पंचायत के कर्मचारी उपस्थित थे।

## आसपास क्षेत्र में खपाते हैं चोरी का कोयला

# गायत्री खदान में चोर गिरोह सक्रिय बाइक से पूरी रात करते हैं कोयला पार



खदान से कोयला चोरी करते लोग।



बोरियों में भरकर रखे चोरी का कोयला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

गायत्री खदान से कोयला चोरी करने की घटना थमने का नाम नहीं ले रहा। क्षेत्र में कोयला चोर गिरोह इस कदर सक्रिय हो गए है कि अब उनमें पुलिस का भय खत्म सा हो गया। चार दिन पूर्व ही पुलिस ने 50 बोरी कोयला व बाइक लावारिस हालत में पकड़ा था। बावजूद इसके चोरी की घटना कम नहीं हो रही है। एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के गायत्री खदान जिस तरह कोयला उत्पादन के लिए क्षेत्र में पहला नंबर पर जाना जाता है ठीक उसी प्रकार कोयला चोरी के मामले में भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जहां दूर दराज क्षेत्र के कोल माफिया पहुंच बेधड़क कोयला का कारोबार चला रहे है।

जिले के गायत्री खदान में पिछले कुछ साल के भीतर ही कोयला चोर गिरोह काफी सक्रिय हो गए है। इसमें कुछ नामिक कबाड़ी व कोयला चोर अब कोयला चोरी को ही अपनी आजीविका का साधन बना चुके है। खदान से आए दिन कोयला चोरी की घटनाएं होती है। पूर्व में पुलिस ने भी कई बार चोरी के कोयला के साथ लोगों को पकड़ा है और पुलिस के सख्ती के कारण ही कोयला चोरी पर काफी हद तक अंकुश लगा था। लेकिन पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई नहीं करने से स्थिति पूर्व की भांति निर्मित हो जाती है और कोयला चोर गिरोह पुनः सक्रिय हो जाते है। पिछले कुछ माह से खदान के बैंकड़ पास व कोयला का स्टोरेज से पूरी रात बड़ी संख्या में ग्रामीण घुसकर बोरी से कोयला बाहर निकाल रहे है। इधर पुलिस एक पिकअप पर कार्रवाई करती है तो दूसरे पिकअप से कोयला चोरी करने काम शुरू हो जाता है।

**खास बात**

- पुलिस के कार्रवाई का भी नहीं हो रहा असर, धड़ल्ले से जारी है कोयला चोरी

### पुलिस ने 50 बोरी कोयला के साथ 13 बाइक किया था जब्त

चार दिन पहले कोतवाली पुलिस टीम गायत्री खदान के पास पहुंच सर्चिंग किया। इसी बीच पुलिस टीम ने गश्त के दौरान ही पुलिस टीम मौके ने लावारिस हालत में 13 बाइक तथा 50 बोरी चोरी का कोयला जब्त किया था। अंदेशा लगाया गया कि पुलिस के आने पर कोयला चोरी कर ले जा रहे लोग बाइक समेत बोरियों में भरे कोयला को छोड़कर फरार हो गए थे। हालांकि इस मामले में पुलिस ने पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 106 के तहत अपराध दर्ज कर बाइक मालिकों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के इस कार्रवाई के बावजूद कोयला चोर गिरोह फिर से सक्रिय हो गए है।

### बाइक से करते है कोयला परिवहन

सूत्रों के मुताबिक कोयला चोरी कराने वाले व्यक्ति पहले पिकअप से मजदूर लाकर सुरक्षा प्रहरियों से सांठगांठ कर पूरी रात कोयला चोरी करते थे लेकिन जब से क्षेत्र में पुलिस के गश्त और कार्रवाई तेज हुई है तब से पिकअप कोयला तस्करी बंद है। ऐसे में अब पिकअप के बजाय बाइक से 6-6 बोरी बोरी कोयला भरकर जान जोखिम में डालते हुए रामनगर, खरसुरा, रनियाडीह, दतिमा सहित आसपास क्षेत्र में संचालित ईंट भट्ठों में चोरी का कोयला ऊंची दामों में बेच मोटी कमाई कर रहे है। ऐसे में अब त्रिपुरा स्टेट राइफल के जवानों के कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे है।

### की जा रही कार्रवाई

गायत्री खदान से कोयला चोरी करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। चार दिन पूर्व लावारिस हालत में 50 बोरी कोयला के साथ 13 बाइक जब्त किया गया है और आगे भी लगातार कार्रवाई की जाएगी।
-विमलेश दुबे, कोतवाली प्रभारी



# मोर आवास मोर अधिकार सर्वेक्षण का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को पक्के की मकान दिलाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाए जा रहे मोर दुआर साय सरकार अभियान के तहत आज खजुरी ग्राम पंचायत में मुख्य अतिथि श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने पात्र व्यक्तियों का सर्वे किया और जिसका आवास बना हुआ है उनको प्रमाण पत्र दिया। साथ ही ग्रामीणों को जानकारी देते हुए कहा कि 30 अप्रैल तक आवास प्लस 2.0 का सर्वे होना है कोई भी पात्र व्यक्ति सर्वे से वंचित न रहे इसका पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। विधायक ने कहा कि आवास निर्माण ग्रामीण जनता के लिए है इसका लाभ सभी कोई ले और गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इस दौरान प्रतापपुर के ग्राम पंचायत खजूरी में प्रथम चरण के अंतर्गत पात्र परिवारों का सर्वेक्षण किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने स्वयं घर-घर जाकर हितग्राहियों का नाम जोड़ा और उन्हें योजना का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान अवधेश पांडे, आनंद शुक्ला, मानती सिंह, रामकिशुन पैकरा, अंबिका जायसवाल, रामरतन गुप्ता, विक्रम नामदेव, विक्रम सिंह, योगेंद्र सिंह, जनपद पंचायत सीईओ राधेश्याम मीरझा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एमएस ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



# पुलिस ने 1 लाख की नशीली दवाओं के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**सूरजपुर।** पुलिस ने नशीली दवाओं के विक्रेताओं को नशे की सामग्री खपाने के पहले ही धरदबोचा है। पुलिस ने आरोपी से कब्जे से 1 लाख 15 हजार कीमत के नशीली कफ सिरप व टेबलेट जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले में नशेडियों व नशे के कारोबारियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्र में गश्त कर रहे चौकी रेवटी पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि बनारस रोड़ पर ग्राम चांचीडांड स्थित ढ़ाबा के पास एक व्यक्ति बस से उतरा है और बड़ी मात्रा में नशीली दवाई अपने साथ रखा है। सूचना पुलिस ने मौके पर पहुंच बिलासपुर के सिरगिटी थाना अंतर्गत कुंदरापारा निवासी प्रतीक वस्त्रकार आ. शरद वस्त्रकार (20 वर्ष) को पकड़ उसके पास रखे सामान की की तलाशी ली तो उसके पास से 1 लाख 15 हजार कीमत के 116 नग नशीली कफ सिरप व 90 नग नशीली टेबलेट बरामद किया। पुलिस ने नशीली कफ सिरप व टेबलेट को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी रेवटी कृष्णा सिंह, एएसआई ज्ञानचंद सिंह, प्रधान आरक्षक शिव राजवाड़े, आरक्षक निर्मल राजवाड़े, महेन्द्र कुमार, अशोक राजवाड़े, शिवभजन कुजूर, बिरन सिंह, तिरथ राजवाड़े, अनिरूद्ध पैंकरा, सैनिक श्याम प्रकाश पटेल सक्रिय रहे।

# लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे लोग, मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**रनहत।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम व भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल जिला प्रवास के दौरान ग्राम कोचली पहुंचे। इस दौरान मंत्री श्री नेताम का पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री श्री नेताम ने स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर मंत्री को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने मंत्री को बताया कि क्षेत्र वासी लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे है। क्षेत्र के डौरा, कोचली, अतौरी, लिलौटी, कोटसरी, डूमरखोला, घाघरा, झलरिया, खरसोता गांव के लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लो वोल्टेज के कारण न खेती हो पा रही है और ना ही बैंक चल पा रहा है। तहसील कार्यालय में भी काम नहीं हो पा रहे है। लो वोल्टेज के कारण विद्युत से चलने वाले संयंत्र नहीं चल पा रहे है और यदि कोई बीमार पड़ जाए तो लो वोल्टेज के कारण वो बैंक से अपना पैसा नहीं निकाल पाते है। मंत्री श्री नेताम ने लोगों को जल्द से जल्द लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि डौरा में रुके हुए सब स्टेशन के कार्य को भी गति देने के निर्देश अधिकारीयों को देंगे। इस दौरान जिपं सदस्य अनीता मरकम, जनपद सदस्य श्रीमुनी, कोचली सरपंच रानो, डोरा सरपंच प्रेमसाय, डुमरखोला सरपंच जीतन राम, उप सरपंच महेंद्र गुप्ता, झालरिया सरपंच अज्जू गुप्ता, अमित जायसवाल, अर्जुन, मोंटी, प्रेमलाल, महेश काशी, मुलायम, बंशी यादव, हरि नारायण गुप्ता, जतन राम, महेंद्र पोया सहित अन्य मौजूद थे।



### राजस्व पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष का चुनाव 26 को

**अम्बिकापुर।** जिला राजस्व पटवारी संघ के अध्यक्ष के चुनाव के लिए राजमोहिनी भवन में 26 अप्रैल शनिवार निर्धारित किया गया है। जिलाध्यक्ष श्रीकांत चौबे ने बताया कि शनिवार को अध्यक्ष पद के लिए दोपहर 12:20 से 1 बजे तक नाम वापसी एवं 1 बजे से 1.20 बजे तक मतदान होगा। एक से अधिक प्रत्याशी होने पर मतदान 1.30 से 2.30 तक होगा। अपराह्न 3.30 से 4.30 तक मतगणना उपरांत विजयी प्रत्याशी की घोषणा की जाएगी। अध्यक्ष का निर्विरोध चुनाव होने की स्थिति में भोजन अवकाश के बाद अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी।

# सरगुजा ने कोरिया को हराकर मेंस सीनियर टी-20 टूर्नामेंट में दर्ज की शानदार जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित मेंस सीनियर टी-20 टूर्नामेंट के प्लेड ग्रुप अंतर्गत आज आरडीसीए मैदान रायपुर में सरगुजा और कोरिया के बेहद रोमांचक मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले में सरगुजा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कोरिया को 84 रनों से हराकर प्रतियोगिता में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई।

- एकतरफा मुकाबले में सरगुजा ने जिता मैच

सरगुजा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। टीम की शुरुआत शानदार रही और बल्लेबाजों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ रन बनाए। टीम के सलामी बल्लेबाज कृष चोपड़ा ने आतिशी अंदाज में खेलते हुए 80 रनों की पारी खेली। उन्होंने कई आकर्षक चौके-छक्कों की मदद से मैदान पर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

उनके साथ कप्तान और अनुभवी रणजी खिलाड़ी आशुतोष सिंह ने भी शानदार अर्धशतक लगाया। उन्होंने 51 रनों की पारी खेलकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। सरगुजा ने अपने 20 ओवरों में मात्र 4 विकेट खोकर 204 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोरिया की टीम दबाव में नजर आई। सरगुजा के गेंदबाजों ने घातक गेंदबाजी करते हुए विपक्षी टीम को बांधकर रखा। आयुष सिंह ने अपनी तेज गेंदबाजी से कोरिया के बल्लेबाजों को परेशान किया और 5 विकेट लेकर मैच का रुख पूरी तरह सरगुजा के पक्ष में मोड़ दिया। वहीं अनुपम टोप्पो ने भी 2 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। कोरिया की पूरी टीम 15 ओवर के भीतर ही 120 रनों पर सिमट गई और सरगुजा ने 84 रनों की बड़ी जीत हासिल की। इस जीत के साथ सरगुजा की टीम को आगामी मुकाबलों में आत्मविश्वास मिला है। टीम के प्रदर्शन से सरगुजा क्रिकेट संघ में उत्साह का माहौल है। संघ के अध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव और सचिव विनीत विशाल जायसवाल ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की।

### ग्राम पंचायत बलरामपुर में विष्णु महायज्ञ आज

**करवां।** संत सनातन धर्म समाज द्वारा ग्राम पंचायत बलरामपुर में 21 से 24 अप्रैल तक सार्वजनिक विष्णु महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम पंचायत बलरामपुर स्कूल के समीप सनातन धर्म संत समाज द्वारा सार्वजनिक विष्णु महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 21 अप्रैल की शाम 4 बजे कलश यात्रा निकालकर मंडप प्रवेश की जाएगी। 22 अप्रैल की सुबह 8 बजे अग्नि स्थापना वेदी पूजन, आरती, हवन एवं प्रसाद वितरण एवं सायंकाल में पूजन हवन पूजन, आरती, 23 अप्रैल को पूजन हवन एवं प्रसाद वितरण उपरांत सांय काल में संत समाज द्वारा भजन कीर्तन सत्संग एवं रात्रि जागरण किया जाएगा। 24 अप्रैल की सुबह 10 बजे पूजा हवन पश्चात, पितरों द्वारा आशीर्वाद एवं विप्र विदाई पूर्णाहुति किया जाएगा।

# विधायक ने किया महतारी भवन निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

शनिवार को विकासखंड के ग्राम बूढ़ाबगीचा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पंचायत भवन ग्राउंड के समीप महतारी सदन भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन मुख्य अतिथि सामरी विधायक उद्देश्वरी पैंकरा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष विनय भगत, उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल व सरपंच सुषमा मरावी ने की। इस महतारी सदन भवन का निर्माण 24.70 लाख की लागत से किया जाएगा। भूमि पूजन के दौरान सामरी विधायक उद्देश्वरी पैंकरा ने कहा कि पंचायत मंत्री विजय शर्मा द्वारा सभी विधायकों से प्रस्ताव मंगाकर स्वीकृति प्रदान की गई है। विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा द्वारा सभी महतारियों को सम्मान दिया और महतारी योजना का प्रारंभ कर सभी का फॉर्म भराया गया था और सरकार बनने की तत्काल बाद सभी महिलाओं के खाते में 1 हजार रूपए की राशि दी जा रही है जबकि महतारियों के सम्मान हेतु पंचायत मंत्री विजय शर्मा द्वारा महतारी सदन भवन का स्वीकृत प्रदान कर महतारियों का मान बढ़ाया है। इसके साथ ही विधायक ने स्पष्ट किया कि निर्माण की गुणवत्ता में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और यह तय करने का काम एसडीओ का होगा। उन्होंने कहा कि तीन महीने में निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाए ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा अगर कार्य में लापरवाही की जाएगी तो कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने उपस्थित सरपंच व पंचों को कहा कि आप सभी एक टीम बना ले और कार्य का निरीक्षण करते रहें, कार्य में अगर कोई लापरवाही की जाएगी तो तत्काल अधिकारी से शिकायत करें। कार्यक्रम में संजय सिंह, रवि प्रताप मराबी, दीपेश गर्ग, उमेश झा, सुभाष अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, संतोष पांडेय, अनिल तिवारी, सतीश सिंह, सीईओ अनिल तिवारी, एसडीओ जेआर सोनवानी, कैलाश अग्रवाल, अंकुर गुप्ता, ललन मुंडा आदि मौजूद थे।



## विद्यार्थियों व अध्यापकों ने किया हवन-पूजन

# डीएवी स्कूल में मनाई गई महात्मा हंसराज जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को महात्मा हंसराज की 161वीं जयंती मनाई गई।गौरतलब है कि महात्मा हंसराज का जन्म 19 अप्रैल 1864 को होशियारपुर जिला पंजाब के बजवाड़ा नामक स्थान पर हुआ था। उनका बचपन अभाव में व्यतीत हुआ। वे बचपन से ही कुशाग्रबुद्धि के धनी थे। बाद में परिवार के लाहौर जाने पश्चात वे स्वामी दयानंद सरस्वती के सत्संग से बहुत प्रभावित हुए और समाज सेवा को अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया। उन्होंने शिक्षा के उन्नयन एवं प्रचार-प्रसार में महान योगदान दिया था।

इस अवसर पर सामूहिक वैदिक हवन का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय प्राचार्य, अध्यापक-अध्यापिकाएं और सभी विद्यार्थी शामिल हुए। प्राचार्य एचके पाठक एवं अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा महात्मा हंसराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्राचार्य एचके पाठक ने कहा कि महात्मा हंसराज का संपूर्ण जीवन त्याग और सेवा भाव से परिपूर्ण रहा है।वे दयानंद एंग्लो वैदिक हाई स्कूल लाहौर के अवैतनिक प्रधानाध्यापक रहे और बाद में दयानंद एंग्लो वैदिक कॉलेज के अवैतनिक प्राचार्य के रूप में सेवा देते रहे। उन्होंने सभी को वेदों का अध्ययन करने और समाजसेवा के कार्य में हमेशा अग्रणी रहने के लिए प्रेरित किया।विद्यालय के संस्कृत अध्यापक बलवीर त्रिपाठी ने कहा कि महात्मा हंसराज जी अभाव में जीवन व्यतीत कर सांस्कृतिक उत्थान, समाज सुधार, शिक्षा आदि अनेक क्षेत्र में महान कार्य किए। हम सभी को उनके आदर्श जीवन से प्रेरणा लेकर समाज एवं राष्ट्र सेवा के कार्यों में हमेशा तत्पर रहना चाहिए। संगीत शिक्षक नासिर खान के निर्देशन में विद्यालय की छात्राओं द्वारा भजनों की सामूहिक संगीतमय मनोरम प्रस्तुति दी गई। सामूहिक शांति पाठ के साथ आयोजन का समापन किया गया।



### पुलिस दूरसंचार भवन का किया गया लोकार्पण

**सलका अघिना।** कोतवाली परिसर में पुलिस दूरसंचार भवन का लोकार्पण विधिवत पूजा अर्चना कर एसडीओपी अभिषेक पैकरा व मातृशक्ति बिना सिंह व प्रतिभा सिंह ने फीता काट कर पुलिस दूरसंचार प्रभारी दया राम विश्वकर्मा की मौजूदगी में किया गया। पुलिस दूरसंचार प्रभारी दया राम विश्वकर्मा ने बताया कि व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नया पुलिस दूरसंचार भवन का निर्माण कराया गया है। पुरानी पुलिस दूरसंचार भवन जर्जर हो चुकी थी इसलिए नए भवन में इसको शिफ्ट किया जा रहा है ताकि नए भवन में वायलेस से पूरे जिले के थानों में संपर्क बेहतर किया जा सके। इसके लिए नए भवन में जल्द ही पूरी व्यवस्था कर दी जाएगी और जिला को ऑपरेट किया जाने लगेगा। जिसमें सारे स्टाफ अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाएंगे। इस दौरान उप निरीक्षक दयाराम विश्वकर्मा, महेंद्र कुमार साहू, ओम नारायण राय, रवि रंजन शर्मा, संतोष यादव, पंकज रविदास, अश्विनी कुमार मरकाम, ज्ञानेश्वर प्रसाद मंडावी, रूपेश्वर सिंह, राणा प्रताप सिंह, बिना सिंह, अवधेश साहू, शेष्मन साहू, महेश साहू, हीरालाल साहू, संजय साहू, प्रतिभा सिंह सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।



